# कार्यालय प्राचार्य

लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय बेमेतरा,जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

**महाविद्यालय कोड – 1706**

**WebSide-www.ggirlscollegebemetara.in,** **Email- ggcbemetara@gmail.com,**


क्रं./10/स्था. / 2023 बेमेतरा, दिनांक 21.09.2023

## सूचना

महाविद्यालय के समस्त छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.09.2023 दिन–शनिवार समय – दोपहर 02:00 बजे को महाविद्यालय में कौशल विकास यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित है। साथ ही महाविद्यालय में कार्यरत् सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की उपस्थिति भी अनिवार्य है।

21/09/23

(डॉ. [illegible] गौतम)

प्राचार्य

लक्ष्मण प्रसाद बैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय

बेमेतरा, जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

# आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा–2023

**समर्थ भारत–सक्षम भारत अभियान के अंतर्गत नई शिक्षा निति एवं छात्रों की कैरियर काउंसलिंग के लिए आईसेक्ट के शाखा प्रबंधकों एवं छात्रों के लिए सम्पर्क एवं काउंसलिंग अभियान**
**(दिनाँक 18 सितम्बर से 15 अक्टूबर के बीच पूरे देश में आयोजित)**

प्रिय महोदय / महोदया,

आपको विदित है कि आईसेक्ट मुख्यालय आपके केंद्रों पर छात्रों की पंजीयन संख्या को बढ़ाने के लिए कई माध्यम से प्रचार–प्रसार कर रहा है। अभी तक हमारे द्वारा देश की कई बड़ी मैगज़ीन, लीड़िग न्यूज पेपर एवं प्रमुख टी. व्ही. न्यूज चैनल, डिजीटल मार्केटिंग द्वारा फेसबुक, यूट्यूब, ट्विटर, पर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए **आईसेक्ट मुख्यालय द्वारा दिनाँक 18 सितम्बर से 15 अक्टूबर के बीच पूरे देश में 20 राज्यों एवं 250 जिलों में कौशल विकास यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।** यह यात्रा आपके राज्य के चयनित जिलों में भी आयोजित की जा रही है।

इस यात्रा के माध्यम से आईसेक्ट नई शिक्षा निति एवं छात्रों के लिए भविष्य के कैरियर आप्शन के लिए कैरियर काउंसलिंग करने के साथ आईसेक्ट की सभी योजनाओं एवं नई पहल को छात्रों एवं आईसेक्ट की सभी शाखाओं के बीच प्रचार प्रसार करना है।

**अभियान के उद्देश्य :**

1. कौशल विकास के महत्व को छात्रों एवं शाखाओं के साथ साझा करना।
2. नई शिक्षा निति पर विस्तार से चर्चा।
3. छात्रों के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन।
4. AISECT–NSDC पाठ्यक्रम तथा आईसेक्ट ग्रुप ऑफ युनिवर्सिटी के पाठ्यक्रमों के बारे में आईसेक्ट की शाखाओ एवं छात्रों को अवगत कराना, उनके बीच प्रचार प्रसार करना।
5. यात्रा के दौरान कौशल विकास के अंतर्गत संचालित योजनाएं जैसे की **Govt. Project, NULM, NSQF, Microsoft Rise** एवं अन्य योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की जायेगी।
6. आईसेक्ट के पाठ्यक्रमों में छात्रों का पंजीयन आईसेक्ट के **online portal (aisectonline.com)** पर करने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा।
7. आईसेक्ट मुख्यालय द्वारा संचालित **जीत का जश्न, Early Bird** योजना एवं अन्य योजनाओं पर चर्चा एवं अधिक से अधिक छात्रों का पंजीयन सुनिश्चित करना।
8. आईसेक्ट संस्था द्वारा की जा रही अन्य नवीन गतिविधियों जैसे बैंकिंग, ऑनलाईन टोल भुगतान (ETC), स्कूल कंटेंट, प्लेस्कूल, AISECT Learm ऑनलाइन फ्री कोर्सेस (MOOCS), इन्शुरन्स, ऑनलाइन सेवाएं, रोजगार मंत्रा पोर्टल, NEEM/NAPS इत्यादि से शाखाओं एवं छात्रों को अवगत कराना।
9. प्रचार–प्रसार सामग्री का व्यापक स्तर पर वितरण।
10. कौशल विकास यात्रा के अंतर्गत छात्रों का विभिन्न कोर्सेस में **आन–द–स्पॉट रजिस्ट्रेशन कराना।**

पूरा अभियान एक यात्रा की रूप में संचालित किया जायेगा। प्रस्तावित यात्राएँ दिनाँक 18 सितम्बर 2023 से आईसेक्ट के स्टेट ऑफिस या रिजनल ऑफिस से प्रारम्भ होकर आपके प्रदेश के विभिन्न जिलों में होते हुए **15 अक्टूबर** 2023 को समाप्त होगी। यात्रा प्रतिदिन एक चयनित स्थल पर जो सामान्यतः जिला / ब्लॉक

मुख्यालय है, पहुंचेगी कौशल विकास यात्रा का कार्यक्रम पूर्व में निर्धारित स्कूल/ कॉलेज में आयोजित किया जायेगा, जहां वे आईसेक्ट की शाखाओं तथा छात्रों से बात करेंगी। यात्रा के निर्धारित स्थान पर पहुंचने से कुछ दिनों पूर्व से उस स्थान पर यात्रा समन्वयक को प्रचार–प्रसार एवं छात्रों के रजिस्ट्रेशन की गतिविधियां प्रारंभ कर देना चाहिए।

**यात्रा का रूट प्लान संलग्न हैं। कृपया इसे ध्यान से देख लें। आईसेक्ट की सभी शाखाओं से अनुरोध है कि :**

1. वे अपने निकटतम यात्रा स्थान पर सुबह 10:00 बजे पहुचें। यात्रा समन्वयक अपने क्षेत्र के शाखाओं को इस सम्बन्ध में सूचित करें।
2. इसी दिन पूर्व में निर्धारित स्कूल/कॉलेज में कौशल विकास यात्रा का आयोजन होगा जिसमें अधिकतम छात्रों को आमंत्रित करें जिन्हें AISECT–NSDC पाठ्यक्रम तथा एवं आईसेक्ट ग्रुप ऑफ युनिवर्सिटी के पाठ्यक्रमों के बारे में बताया जायेगा।
3. कृपया ध्यान रखें केवल उन्ही छात्रों को आमंत्रित करें जो आईसेक्ट के विभिन्न पाठ्यक्रम में एडमिशन ले सके।
4. इस अनुभव के आधार पर आप स्वयं भी अगले सप्ताह अपने स्वयं के केन्द्र पर **आन–द–स्पॉट** प्रवेश कैंप आयोजित करें। प्रचार प्रसार की सामग्री आपको नवीनीकरण मीटिंग के दौरान दी जा चुकी है फिर भी यात्रा के दौरान आप अपने जिला प्रबंधक/यात्रा संयोजक के कार्यालय से भी सामग्री प्राप्त कर सकते है।
5. यदि अब तक आपने अपनी शाखा का नवीनीकरण न कराया हो तो online portal के माध्यम से नवीनीकरण करें एवं एग्रीमेंट इसी दौरान आ रहे आईसेक्ट के प्रतिनिधि को सौपें।

हमें पूरी आशा है कि आप इस यात्रा का पूरा–पूरा लाभ उठायेंगे तथा आईसेक्ट पाठ्यक्रमों को सभी छात्रों तक पहुंचायेंगे और उन्हें प्रवेश के लिये प्रेरित कर पायेंगे।

कौशल विकास यात्रा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए आप हमें cordi@aisect.org पर ई–मेल कर सकते हैं या फोन नं. : 0755-2432813-14 या अपने राज्य कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यलय में सम्पर्क कर सकते हैं।

शुभकामनाओं के साथ

दिनांक 13/09/2023

राजेश पंडा
नेशनल नेटवर्क मैनेजर
आईसेक्ट मुख्यालय, भोपाल

**संलग्न :**

1- यात्रा का ROUTE PLAN.